दिनांक

# प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर

दिवस- 25

**शिक्षण–निर्देश :**

'प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ एवं बातचीत करें।





तन हो सुन्दर, मन हो सुन्दर,
प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर।



कपड़े सुन्दर, खाना सुन्दर,
घर का कोना–कोना सुन्दर,
प्रभु मेरा आँगन हो सुन्दर।



तन हो सुन्दर ------

सोना सुन्दर, जागना सुन्दर,
वाणी सुन्दर, गाना सुन्दर,
प्रभु मेरा बचपन हो सुन्दर।
तन हो सुन्दर ------

लिखना सुन्दर, पढ़ना सुन्दर।
सोचूँ सुन्दर, समझूँ सुन्दर,
प्रभु मेरा चिन्तन हो सुन्दर,
तन हो सुन्दर ------





दिनांक

# प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर

दिवस- 26

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी प्रार्थना का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों को 'प्र' अक्षर की समझ दें। साथ ही साथ प्रत्येक विद्यार्थियों को 'प्र' अक्षर से बनने वाले शब्द बोलने को कहें।

## दिए गए शब्द में 'प्र' पर घेरा (◯) लगाइए तथा फिर से लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रभु | | विप्र | |
| प्रथम | | प्रणाम | |
| प्रसाद | | सुप्रभात | |

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) सुन्दर जीवन के लिए किससे प्रार्थना की जा रही है?

(ख) प्रभु कौन हैं?

(ग) प्रार्थना कौन कर रहा है?

## कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–

कपड़े सुन्दर, .................................... सुन्दर,

.................................... का कोना–कोना सुन्दर,

प्रभु मेरा .................................... हो सुन्दर।

दिनांक

# प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर

दिवस- 27

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी प्रार्थना का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों को 'क्ष' अक्षर की समझ दें। साथ ही साथ प्रत्येक विद्यार्थियों को 'क्ष' अक्षर से बनने वाले शब्द बोलने को कहें।

## दिए गए शब्द में 'झ' पर घेरा (◯) लगाइए तथा फिर से लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| झण्डा | | झटका | |
| समझ | | समझना | |
| झगड़ा | | उलझन | |

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) हमारा तन और मन कैसा होना चाहिए?

(ख) सुन्दर तन का क्या मतलब है?

(ग) सुन्दर मन का क्या मतलब है?

## कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–

.................................... सुन्दर, जागना सुन्दर,

वाणी सुन्दर, .................................... सुन्दर,

प्रभु मेरा .................................... हो सुन्दर।

दिनांक

# प्रभु मेरा जीवन हो सुन्दर

दिवस- 28

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी प्रार्थना का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा अपने प्रभु से उन्हें कुछ माँगना हो, तो वे क्या माँगेंगे? इस पर बातचीत करें।

## दिए गए शब्दों से मिलते–जुलते (समान ध्वनि वाले) शब्द को लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| तन | मन | गाना | |
| मेरा | | सुन्दर | |
| कोना | | जागना | |

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) सुन्दर वाणी का क्या मतलब है?

(ख) पढ़ना सुन्दर कैसे होगा?

(ग) लिखना सुन्दर कैसे होगा?

## कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–

लिखना सुन्दर, .................................... सुन्दर,

.................................... सुन्दर, समझूँ सुन्दर,

प्रभु मेरा .................................... हो सुन्दर।